तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 30 नवंबर 2025



10 प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की ...





11 स्टॉप डेम के निर्माण से जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा






## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने दोहराया संवैधानिक संकल्प

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की राजनीति विज्ञान अध्ययनशाला एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावना हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है और विद्यार्थी इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएँ। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी, प्रोफेसर शरद नेमा (विभागाध्यक्ष,वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला), प्रोफेसर स्वपन कुमार कोले (विभागाध्यक्ष, मानव विज्ञान अध्ययनशाला), प्रोफेसर एमएस मिश्रा (विभागाध्यक्ष, कला संकाय), डॉ. सजीवन कुमार (कार्यक्रम समन्वयक, एनएसएस), वित्त अधिकारी श्रीनिवास, सहायक कुलसचिव डीसी गावड़े,केआर ठाकुर सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### बस्तर ने लिया बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प

**जगदलपुर।** बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई पर निर्णायक प्रहार करने के उद्देश्य से बस्तर जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक व्यापक शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज सिन्हा ने बताया कि जिले के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों और सरकारी अमले ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे इस गैरकानूनी कृत्य को अपने समाज से जड़ से मिटा देंगे। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह को लड़कियों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा डालने वाला एक गंभीर सामाजिक अपराध बताया गया, जो उन्हें अपने सपनों को साकार करने से रोकता है। इस तथ्य को आत्मसात करते हुए, सभी प्रतिभागियों ने गहन प्रतिबद्धता के साथ प्रतिज्ञा की। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि वे बाल विवाह के विरुद्ध हर संभव प्रयास करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके परिवार, पड़ोस अथवा समुदाय में ऐसा कोई भी कृत्य न हो पाए। इसके अतिरिक्त इस अभियान के तहत यह अनिवार्य प्रतिज्ञा भी ली गई कि बाल विवाह के किसी भी प्रयास की सूचना तुरंत पंचायत और संबंधित सरकारी अधिकारियों को दी जाएगी। शपथ ग्रहण करने वालों ने बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए लगातार आवाज उठाने और एक बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का भी संकल्प लिया।

# योग उत्सव में शुगर-बीपी, मोटापा व अनिद्रा से मिला लोगों को लाभ

## रोगमुक्ति के अनुभवों ने बढ़ाया आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

फिट बस्तर, हित बस्तर मुहिम के तहत आयोजित 5 दिवसीय योगा फेस्ट का चौथा दिन स्वास्थ्य लाभों की मिसाल बन गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संतुलित दिनचर्या, सात्विक आहार और घरेलू उपचारों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर के प्रथम दिवस से ही प्रतिभागियों का शुगर, बीपी, वजन आदि का नियमित परीक्षण किया गया। औषधीय पेय व प्राकृतिक चिकित्सा के साथ योगाभ्यास कराए गए, जिनके परिणाम चौंकाने वाले रहे। शिविर में सम्मिलित योग साधक निर्मल नंदनवार ने बताया कि पहले दिन उनकी फास्टिंग शुगर 417 थी, जो चौथे दिन घटकर 288 पर आ गई। साथ ही पेशाब की समस्या, थकान, अनिद्रा और शरीर दर्द लगभग समाप्त हो गए। बीपी से पीड़ित गुलाब जैन ने बताया कि योगसत्र के बाद उनकी रीडिंग 162/112 से घटकर 150/98 हो गई और आंखों, सिरदर्द से भी राहत मिली। थायरॉयड और फैटी लिवर से पीड़ित वर्षा साहू ने बताया कि 25 दिन के योग प्रशिक्षण के बाद उनका थायरॉयड स्तर 16 से घटकर 3.23 पर आ गया, जिसे वह जीवन का बड़ा सुधार मानती हैं। सैकड़ों साधकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए नगर में संचालित योग कक्षाओं से जुड़ने और दूसरों को जोड़ने का संकल्प लिया। योग उत्सव का समापन 30 नवंबर को सिटी ग्राउंड में प्रातः 6 से 8 बजे आयोजित होगा।



### योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया

योग उत्सव में शुगर, बीपी, थायरॉयड, मोटापा और अनिद्रा जैसे रोगों में मिली राहत ने प्रतिभागियों में नया उत्साह भरा। शिविर में हुए दैनिक स्वास्थ्य परीक्षण, औषधीय पेय, प्राकृतिक चिकित्सा और वैज्ञानिक योगाभ्यास ने प्रतिभागियों को तुरंत असर दिखाया। कई प्रतिभागियों ने वर्षों पुरानी समस्याओं के घटने पर आश्चर्य और संतोष व्यक्त किया तथा नगर की नियमित योग कक्षाओं से जुड़कर योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## बैठक: कमिश्नर ने पुनर्वास केन्द्रों के बेहतर संचालन पर दिया जोर

# पुनर्वासितों के समुचित पुनर्वास के लिए करें सार्थक प्रयासः कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा है कि पुनर्वासितों के समुचित पुनर्वास के लिए प्रशासन को और अधिक सार्थक एवं संवेदनशील प्रयास करने होंगे। समाज की मुख्यधारा में लौट चुके इन सदस्यों को सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थिर जीवन उपलब्ध कराने के लिए सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इन्हें पात्रता के अनुरूप शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजनाओं से सेचुरेशन किया जाए। कमिश्नर ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बस्तर के सभी सीईओ जिला पंचायत की संभाग स्तरीय बैठक में पुनर्वास केन्द्रों के बेहतर संचालन पर बल देते हुए निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि पुनर्वासितों को केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना पर्याप्त नहीं है बल्कि उन्हें आजीविका के मजबूत साधन, कौशल प्रशिक्षण, रोजगार के अवसर, शिक्षा और परामर्श जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पुनर्वासितों की आवश्यकताओं और चुनौतियों को समझते हुए विभागीय समन्वय के साथ कार्य किया जाए ताकि प्रत्येक व्यक्ति को परिवार जैसा माहौल मिल सके और वे समाज में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि पुनर्वास कार्यक्रमों का वास्तविक प्रभाव तभी दिखाई देगा जब लाभार्थियों को समय पर सहायता, मार्गदर्शन और निगरानी मिले। बैठक में पुनर्वासितों को कौशल विकास प्रशिक्षण सहित पात्रतानुसार प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत सेचुरेशन प्रगति और आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता खोले जाने के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं से सेचुरेशन करने के लिए सम्बंधित विभागों के समन्वय स्थापित कर शिविरों का आयोजन इत्यादि की विस्तृत समीक्षा


▸▸| शेष पेज 10 पर


■ सप्ताह में एक बार परिजनों से कराएं मुलाकात



### नियमित भेजें रिपोर्ट

कमिश्नर ने बैठक में पुनर्वास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर कहा कि सभी जिले विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर नियमित रूप से प्रेषित करें ताकि कार्यों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत बस्तर प्रतीक जैन सहित डिप्टी कमिश्नबीएस सिदार एवं गीता रायस्त और अन्य विभागों के संभागीय अधिकारी मौजूद थे। वहीं अन्य जिलों के अधिकारी वर्चुअल तौर पर जुड़े रहे।

# जांच में टैक्स बकायादार 79 वाहनों से 28.50 लाख वसूला



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

परिवहन विभाग ने टैक्स बकायादार वाहनों पर शिकंजा शुरू कर रहा है। इसके लिए आरटीओ के निर्देश पर संभाग के सभी सड़कों एवं बेरियर में टैक्स बकायादार वाहनों की जांच की जा रही है। इसी दौरान 79 वाहनों से 28 लाख 49 हजार 694 रूपए टैक्स बकाया वसूल किया गया। इस कार्रवाई से बकायादार वाहन के चालकों एवं मालिकों हड़कंप मच गया। इसके अलावा परिवहन विभाग वाहनों पर टैक्स बकाया के लिए कुर्की की तैयारी कर रही है, इसके लिए मालिकों के वाहनों एवं चल, अचल संपत्ति ब्यौरा ले रहे हैं। जिस टैक्स बकाया वाले वाहन नहीं मिलने पर मालिक की दूसरी वाहन या संपत्ति की कुर्की की जाएगी। इसके लिए बकायादार वाहनों को नोटिस दिया जा रहा है।

■ बकायादारों पर परिवहन विभाग ने कसा शिकंजा

### टैक्स बकाया पर होगी कार्रवाई

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि टैक्स बकाया वाले वाहन के मालिकों पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इसलिए बकायादार वाहन के मालिक शीघ्र ही बकाया का भुगतान करें।

जल-जंगल-जमीन और युवाओं के रोजगार को रोजगार नहीं मिल रहा: आप

# बस्तर देश का सबसे समृद्ध इलाका होते हुए भी उपेक्षित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर देश का सबसे समृद्ध इलाका होते हुए भी सबसे ज्यादा उपेक्षित है। यहां का लोहा, खनिज, पानी सब बाहर जा रहा है लेकिन बस्तर के लोगों को उसके बदले रोजगार, उद्योग, शिक्षा या बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रहीं।

उक्त बातें आम आदमी पार्टी के बस्तर जोन प्रभारी समीर खान ने शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि आर्सेलर मित्तल का प्लांट लोहा बस्तर का,रोजगार आंध्र प्रदेश के लोगों को मिल रहा है। समीर खान ने कहा कि आर्सेलर मित्तल का नया प्लांट आंध्र प्रदेश के अंकापल्ली–विशाखापटनम में लग रहा है, जहां 54,000 रोजगार देने का दावा किया जा रहा है। लेकिन लोहा बस्तर से जाएगा, पानी सबरी नदी से जाएगा और पाइपलाइन बस्तर की जमीन से गुजरेगी फिर रोजगार बस्तर को क्यों नहीं, हर साल 44 लाख टन आयरन ओर बस्तर से बाहर जाएगा, लेकिन बस्तर के युवाओं को एक भी ठोस लाभ नहीं मिलेगा। यह बस्तर के साथ अन्याय है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष बल्लू राम भवानी, दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष रामेश्वर यादव, सुकमा जिलाध्यक्ष सुरेश कवासी एवं कार्यकर्ता कोसा राम मरकाम, मनीष कोड़ियामी, ज्वाला ठाकुर, शंकर पोयम, परमा बाई, लता नाग शामिल थे। आप नेता समीर खान ने कहा अगर बस्तर के लोगों को उनका हक और रोजगार नहीं मिला, तो आम आदमी पार्टी हर जिले में बड़ा आंदोलन करेगी। बल्लू भवानी ने कहा कि जल-जंगल-जमीन की लड़ाई गांव-गांव तक


▸▸| शेष पेज 10 पर




### आम आदमी पार्टी की 4 बड़ी मांगें

*बस्तर के युवाओं के लिए स्थानीय रोजगार की अनिवार्य घोषणा की जाए। आर्सेलर मित्तल कंपनी बस्तर में स्थानीय प्लांट/प्रोसेसिंग यूनिट लगाए। छत्तीसगढ़ सरकार इस परियोजना में बस्तर के लिए रोजगार का लिखित प्रावधान करे। बस्तर के संसाधनों पर पहला हक बस्तर के लोगों का सुनिश्चित किया जाए। बस्तर के लिए स्पेशल पैकेज दिया जाए। हर पंचायत को 1 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाए। छोटे उद्योग लगाकर वन उपज आधारित रोजगार दिया जाए।*

## सरकार ने जमीन गाइडलाइन की दर बढ़ाकर जमीन खरीदने के सपने को तोड़ा : बैज

# बेतहाशा बढ़ोतरी भाजपा सरकार का तानाशाहीपूर्ण फैसला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर





जमीन गाइडलाइन दर में 10 से 100 प्रतिशत की गयी, बेतहाशा बढ़ोतरी सरकार तानाशाही पूर्ण फैसला है। उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि इस फैसले से न सिर्फ जमीन का कारोबार खत्म होगा। गरीबों, किसानों, मध्यवर्गीय परिवार की जमीन खरीद कर मकान बनाने का सपना टूटा है। किसान खेती जमीन खरीद नहीं पायेगा न ही जरुरत पर जमीन बेच पायेगा। इसके कारण उद्योग नहीं लगेंगे। भवन निर्माण कार्य बंद होगा जिसका असर सीमेंट, स्टील, रेती, गिट्टी, ईटा, सेनेटरी, हार्डवेयर, बिजली समान,फर्नीचर सेक्टर पर भी मंदी आयेगी, भवन निर्माण कार्य में लगे कुशल अकुशल श्रमिक भी बेरोजगारी संकट से जूझेंगे। सरकार को भी राजस्व की हानि होगी। 30 लाख की जमीन के लिए 22 लाख की स्टांप ड्यूटी कोई सरफिरी या तुनकमिजाज सरकार ही लगा


▸▸| शेष पेज 10 पर


### वनभूमि व्यावसायियों को सौंप रही सरकार

उन्होंने कहा कि सरकार की व्यापारी परस्त नीतियों से हसदेव अरण्य के घने जंगलों पर संकट उत्पन्न हो गया है। व्यापारी के मुनाफे के लिए सरगुजा रेंज के केते एक्सटेंशन के खुदाई का काम देने के लिए इस सरकार ने अनुमति दी है। अब रामगढ़ की पहाड़ियां, प्राचीन नाट्यशाला, सीता गुफा, जानकी रसोई, प्रभु श्री राम के वन गमन पथ की पुण्य स्मृतियों को उसके आर्थिक लाभ के लिए संकट में डाला जा रहा है। क्योंकि यह क्षेत्र जहां पर अनुमति दी जा रही उससे मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर है। छत्तीसगढ़ सरकार ने केते एक्सटेंशन ओपन कास्ट कोल माइनिंग और पिट हेड कोल वॉशरी परियोजना के लिए 1742.60 हेक्टेयर वन भूमि को गैर-वन उपयोग में बदलने की सिफारिश कर दी है। राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद यह प्रस्ताव अब केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के पास भेजा गया है। केंद्र से हरी झंडी मिलते ही 5 लाख से अधिक पेड़ों की कटाई का रास्ता साफ हो जाएगा।

### डीजी कांफ्रेंस मेजबान राज्य में स्थाई डीजी नहीं

प्रदेश सरकार की मेजबानी में डीजी कांफ्रेंस चल रहा है। प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री सभी इसमें शामिल होंगे। जो छत्तीसगढ़ इसकी मेजबानी कर रहा वहां की सरकार 6 महीने में स्थाई डीजी की नियुक्ति नहीं कर पाई है। छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था बदहाल हो गई है सरकार खुद मान रही राज्य में पाकिस्तान से ड्रग आ रहा, बंगलादेशी, पाकिस्तानी घुसपैठिए राज्य में आ गए है। अपराध हत्या बलात्कार चाकूबाजी का गढ़ बन गया है।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रध्वन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजीव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**



## महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर बाबा साहेब सेवा संस्था ने दी श्रद्धांजलि

**कोण्डागांव**। बाबा साहेब सेवा संस्था द्वारा महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम संस्था के कोर्ट चौक स्थित कार्यालय में संध्या समय आयोजित हुआ। गौरतलब है कि महात्मा ज्योतिबा फुले का निधन 28 नवंबर 1890 को हुआ था। इसलिए प्रत्येक वर्ष 28 नवंबर को उनकी पुण्यतिथि पर देशभर में उन्हें स्मरण किया जाता है। फुले ने शिक्षा, सामाजिक समानता, स्त्री–शिक्षा, जातिगत भेदभाव उन्मूलन तथा सत्यशोधक समाज की स्थापना के माध्यम से समाज सुधार का महान कार्य किया। संस्था द्वारा आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि फुले के विचारों पर चर्चा एवं संकल्प समाज में समानता, शिक्षा और सामाजिक उत्थान को आगे बढ़ाने का संकल्प जैसी गतिविधियाँ संपन्न हुईं। इसके साथ ही उनके संघर्ष और सामाजिक दृष्टिकोण को आधुनिक समय में लागू करने पर भी विचार–विमर्श हुआ। कार्यक्रम में बाबा साहेब सेवा संस्था के संरक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें मुख्य रूप से पंचू सागर, प्रमोद भारती, अध्यक्ष भुवन लाल मार्कंडेय, देवानंद चौरे, मुकेश मार्कंडेय, हितेंद्र श्रीवास, पुष्कर सिंह मांडवी, अनुज नहारिया, तथ्यशील चौरे, संदीप वासनिकर, श्वेता वासनिकर आदि उपस्थित रहे। अंत में सभी सदस्यों ने महात्मा फुले के बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता, शिक्षा प्रसार और सामाजिक न्याय स्थापित करने का संकल्प लिया।

# बस्तर कोकिला शिप्रा को मिला 'वीरांगना दुर्गावती स्त्री शक्ति अवार्ड-2025

### महिला और बाल कल्याण में विशिष्ट योगदान के लिए राज्य स्तरीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संविधान दिवस पर राजधानी में आयोजित राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह में बस्तर की प्रतिष्ठित समाजसेवी, वरिष्ठ प्रशासिका और विख्यात संगीतकार श्रीमती शिप्रा त्रिपाठी को 'वीरांगना दुर्गावती स्त्री शक्ति अवार्ड–2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समता साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विशेष समारोह में प्रदान किया गया।

छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह में सम्मानित आदिवासी महिलाओं व बच्चों के पोषण, शिक्षा और कल्याण के लिए दीर्घकालीन कार्य महिला एवं बाल विकास विभाग में परियोजना अधिकारी सेनि के रूप में उत्कृष्ट सेवा संपदा समाजसेवी संस्थान 2002 से पंजीकृत की महासचिव संगीत के क्षेत्र में दूरदर्शन की मान्यता प्राप्त कलाकार, जिन्हें लोग प्यार से बस्तर कोकिला कहा जाता है। श्रीमती शिप्रा त्रिपाठी ने अपने पूर्व सेवाकाल के साथ ही सेवा–मुक्ति के बाद भी बस्तर की आदिवासी महिलाओं और बच्चों के लिए शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य सुधार के लिए लगातार कार्य किया। विशेषकर कुपोषण दूर करने, महिलाओं को सक्षम बनाने और ग्रामीण समुदायों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में उनका योगदान अत्यंत प्रशंसनीय रहा है।



**भव्य समारोह में किया गया अलंकरण**

*राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में समता साहित्य अकादमी के प्रांताध्यक्ष जी. आर. बंजारे 'ज्वाला' एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा उन्हें यह राज्य स्तरीय अलंकरण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उनके उज्ज्वल भविष्य और सतत सामाजिक योगदान के लिए शुभकामनाएं भी दी गईं। शिप्रा त्रिपाठी न केवल समाजसेवा में अग्रणी हैं, बल्कि संगीत जगत में भी उनकी एक अलग पहचान है। गजल, भजन, सुगम संगीत एवं लोकगीत शैली में निपुण, दूरदर्शन से मान्यता प्राप्त कलाकार होने के कारण उन्हें जनता स्नेहपूर्वक 'बस्तर कोकिला' कहकर पुकारती है।*

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में समन्वय आधारित बैठक

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा, निर्माण कार्यों में तेजी के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला पंचायत कोंडागांव के सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत विशेष परियोजना अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आवासों को निर्धारित लक्ष्य और समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। अधिकारियों को अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ कराने और लंबित आवासों में निर्माण गति बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी तकनीकी सहायकों से कहा कि वे अपने आवंटित ग्राम पंचायतों में नियमित भ्रमण सुनिश्चित करें, हितग्राहियों से सीधा संपर्क बनाए रखें तथा निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं का मैदानी स्तर पर तत्काल समाधान करें। साथ ही, हितग्राहियों को निर्माण सामग्री समय पर उपलब्ध कराने, और कार्य में तेजी लाने के लिए लगातार प्रेरित करने पर जोर दिया गया।





**आत्मसमर्पित व नक्सल पीड़ित परिवारों के आवासों को मिलेगी विशेष प्राथमिकता**

अविनाश भोई ने बताया कि विशेष परियोजना मद से आत्मसमर्पित एवं नक्सल पीड़ित परिवारों हेतु स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। यह पहल न केवल परिवारों को सुरक्षित आशियाना उपलब्ध कराएगी, बल्कि क्षेत्र में स्थायी विकास और विश्वास निर्माण को भी सुदृढ़ करेगी।

**ये रहे उपस्थित**

समीक्षा बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, आवास एवं मनरेगा तकनीकी सहायक, अनुविभागीय अधिकारी, आरईएस विभाग से जुड़े अधिकारी–कर्मचारी तथा आवास निर्माण से जुड़ी पूरी मैदानी टीम मौजूद रही।

**कम प्रगति वाले पंचायतों का संयुक्त निरीक्षण होगा अनिवार्य**

जिन ग्राम पंचायतों में आवास पूर्णता की प्रगति कम है, वहां सीईओ जनपद पंचायत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता, एसडीओ तथा विकासखंड समन्वयकों द्वारा प्राथमिकता से स्थल निरीक्षण किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

**मनरेगा अभिसरण से 90 मानव दिवस जारी कर कार्यों में तेजी**

बैठक में राष्ट्रीय महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अभिसरण मद से 90 मानव दिवस का मस्टर रोल जारी कर निर्माण कार्यों में गति बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया है। इससे श्रमिक उपलब्धता सुगम होगी और आवास निर्माण समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जा सकेंगे।

# धौड़ाई में पुलिस की दबिश, अवैध शराब बेचता युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

धौड़ाई पुलिस को अवैध शराब बिक्री संबंधी विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा तत्परता से ग्राम धौड़ाई बाज़ारपारा स्थित बताये गये स्थान पर जाकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आरोपी हरेन्द्र प्रधान पिता रमेश प्रधान, उम्र 32 वर्ष द्वारा सार्वजनिक स्थान पर अंग्रेजी एवं देशी शराब का अवैध विक्रय किया जा रहा था। पुलिस स्टाफ द्वारा विधिसम्मत तरीके से मौके पर कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। एफआईआर में वर्णित जब्ती सूची के अनुसार कुल लगभग 4,000 की शराब एवं 1,230 नगद जब्त की गई है। उक्त प्रकरण में थाना धौड़ाई, जिला नारायणपुर में अपराध क्रमांक 14/2025, अपराध धारा 34(1)(A) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत विधिवत पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विवेचना की जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा यह अभियान क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय, तस्करी एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर नियंत्रण व रोकथाम हेतु संचालित किया गया है। थाना धौड़ाई पुलिस द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि ऐसे अवैध कारोबार में संलग्न व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी कठोर एवं निरंतर कार्रवाई की जाएगी।

■ **बाज़ारपारा में रंगे हाथों पकड़ा गया आरोपी**

# अनंतपुर पुलिस ने जब्त की उड़ीसा से लाई गई अवैध अंग्रेजी शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

थाना अनंतपुर पुलिस ने उड़ीसा राज्य से अवैध रूप से लाई जा रही अंग्रेजी शराब की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नाका बंदी के दौरान 15.16 बल्क लीटर अवैध अंग्रेजी शराब और एक मोटरसाइकिल एचएफ डिलक्स सीजी 27 के 4871 जप्त की। 27 नवंबर को पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि छिनारी से किरमारी की ओर एक मोटरसाइकिल से अंग्रेजी शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा भा.पु.से. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल रापुसे एसडीओपी रूपेश कुमार रा.पु.से. के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोपेन्द्र पटेल की टीम ने नाकेबंदी कर कार्रवाई की। ग्राम नेवरा–किरमारी मार्ग पर तिराहे के पास पुलिस ने मोटरसाइकिल रोककर तलाशी ली, जिसमें एक बोरी में भूरा बैग रखा था। इस बैग में उड़ीसा निर्मित अंग्रेजी शराब मिली। आरोपी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।



**बरामद सामग्री**

हंटर बियर 20 नग 650 एमएल, 170 रु., आर एस क्वार्टर 06 नग 180 एमएल, 210 रु. मैकडॉवेल्स नंबर 1 क्वार्टर 04 नग 180 एमएल, 180 रु. ब्लैक कोर्ट 04 नग 90 एमएल, 90 रु. कुल 34 नग, मूल्य 5,740 मोटरसाइकिल मूल्य लगभग 20,000।

**पुलिस टीम का सराहनीय योगदान**

पुलिस ने आरोपी त्रिनाथ बघेल उम्र 19 वर्ष, निवासी किरमारी पुजारीपारा, थाना अनंतपुर को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। कार्रवाई में इन अधिकारियोंध्कर्मचारियों की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही निरीक्षक गोपेन्द्र पटेल, प्रआर छबीलाल कोर्राम, नेमीचंद भंडारी, भावेश मंडावी, आरक्षक मनराज वट्टी, गितेश सेठिया, नोहरू नेताम।

# बरकई ने मांझीआठगांव को 18 रनों से दी मात



कोण्डागांव। विकासखंड माकड़ी की ग्राम पंचायत बरकई के आश्रित गांव नालाझर में जय मां सितला क्लब द्वारा तीसरे साल लगातार आयोजित पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन धूमधाम से हुआ। स्व. सुकनाथ मरकाम पूर्व पुजारी व स्व. घड़वाराम मरकाम पूर्व पटेल की स्मृति में आयोजित इस 9 दिवसीय टूर्नामेंट की शुरुआत उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि से हुई। मुख्य अतिथि फरसगांव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने टॉस कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बरकई ने 6 ओवर में 105 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में मांझीआठगांव की टीम 87 रन ही बना सकी और 18 रनों से मैच हार गई। दोनों टीमों के बल्लेबाजों ने चौकों–छक्कों की आतिशबाजी की, दर्शक खूब झूमे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रशांत पात्र ने कहा कि खेल से आपसी भाईचारा बढ़ता है, हार–जीत तो लगी रहती है। उन्होंने आयोजकों की जमकर सराहना की। शीतला माता पुजारी लखीराम मरकाम, सरपंच प्रतिनिधि अजित कुमार मरकाम, उपसरपंच सोमारूराम यादव, क्रिकेट समिति अध्यक्ष कोमल सलाम, उपाध्यक्ष मोहनसिंह मरकाम, सचिव महेंद्र मरकाम, कोषाध्यक्ष कल्याण मरकाम, घासूराम, हरिशंकर, सोनाराम, पप्पू मरकाम सहित सैकड़ों ग्रामीण और खिलाड़ी मौजूद रहे ।

## राजेश दीवान को मिली जिला कांग्रेस की कमान

**नारायणपुर**। जिले में कांग्रेस पार्टी नेतृत्व के अनुसार यह बदलाव आगामी राजनीतिक रणनीतियों को मजबूत करने और संगठन को पुनर्गठित करने के उद्देश्य से किया गया है।



नए जिलाध्यक्षों को क्षेत्रीय स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और जनसंपर्क मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही राजेश दीवान ने कहां संगठन के प्रति प्रतिबद्धता जताई और कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य तेज करेंगे। प्रदेश के सभी जिलों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए संगठन सृजन अभियान चलाया गया था। एआइसीसी ने सभी जिलों के लिए 17 पर्यवेक्षक नियुक्त किए थे, जिन्होंने जिलों में न सिर्फ दावेदारों से वन-टू-वन चर्चा की थी, बल्कि सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और पत्रकारों से फीडबैक लेकर नामों का पैनल तैयार किया ।

## धान खरीदी में तेजी, अब तक 1.81 लाख क्विंटल की हुई खरीद

**कोण्डागांव**। खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में जिले के धान उपार्जन केंद्रों पर खरीदी जोर–शोर से जारी है। अब तक कुल 1 लाख 81 हजार 275 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। कोण्डागाँव विकासखंड के गोलावण्ड केंद्र पहुंचे युवा किसान सूरजूराम ने बताया कि उनके परिवार के पास सिर्फ 2 एकड़ जमीन है, फिर भी इस बार अच्छी फसल हुई। आज उन्होंने 41 क्विंटल धान बेचा। सूरजूराम ने कहा, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा से तौलाई बहुत सही और पारदर्शी हो रही है। टोकन सिस्टम से भी कोई दिक्कत नहीं हुई। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने बताया कि सभी केंद्रों पर बारदाना, तौल कांटा, छाया, पानी–पंखा, बैठने की व्यवस्था पूरी है। किसानों से अपील है कि अपने टोकन की तारीख पर ही धान लेकर आएं। जिले में धान खरीदी पूरी पारदर्शिता और सुगमता से चल रही है। किसानों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही है।



# जमीन गाइडलाइन पर कांग्रेस का विरोध तेज, नारायणपुर में किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



भाजपा सरकार ने चुप चाप तरीके से ज़मीन की नई गाइडलाइन लागु करने से फैक्ट्री, मकान, दुकान, ज़मीन, का दर 40 प्रतिशत से 400 प्रतिशत बढ़ोतरी होगा। भाजपा सरकार ने ज़मीन की नई गाइडलाइन से जमीन की खरीदी बिक्री कम हो जाएगी बेरोजगार बढ़ेगा, कांग्रेस पार्टी इस गाइडलाइन का पुरजोर विरोध करती है इस गाइडलाइन के विरोध मे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन किया गया, जबकि ऐसा गाइडलाइन महानगरो मे भी लागु नहीं है जबकि बड़े बड़े महानगरो मे 10-15 प्रतिशत से ज्यादा दर नहीं है। जबकि कांग्रेस सरकार ने ज़मीन गाइडलाइन मे 30 प्रतिशत तक छूट कर दिया था और पांच डिसमिल से कम की रजिस्ट्री चालू करवाया था, किसी गरीब आदमी के पास 1000-2000 वर्ग फुट ज़मीन है तो वह कभी बेच नहीं सकता और कुछ ज़मीन को बेच कर अपना पक्का मकान नहीं बना पायेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीवान ने कहा की डबल इंजन की भाजपा सरकार के पास योजनाओं को चलाने के लिए पैसा नहीं है, इसलिए भाजपा सरकार ने पहले 400 यूनिट तक मुफ्त बिजली योजना को बंद किया, और अब ज़मीन की नई गाइडलाइन से आम जनता को परेशान करना का काम शुरू कर रही है। वही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन ने कहा की भाजपा सरकार की नई गाइडलाइन के तहत अगर शहरो के आसपास 1000 वर्ग फुट ज़मीन 6 लाख मे कीमत मे रज़िस्ट्री होता है तो इसका रजिस्ट्री शुल्क 4 लाख 40 हजार रूपए होगा ऐसे मे रज़िस्ट्री शुल्क ज़मीन दर के बराबर होगा ऐसे गाइड लाइन का कॉग्रेस पार्टी विरोध करती है।

ये रहे उपस्थित : पुतला दहन कार्यक्रम मे शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला कांग्रेस सचिव संजय राय, ब्लॉक उपाध्यक्ष शब्बीर बढ़गुजर, माधेश्वर जैन, चैन सिंह भोयर, पिलसाय सलाम, दीपक गाँधी, कुणाल उइके, तरुण देहारी, एवं अन्य कांग्रेस कार्यक्रम उपस्थित थे।

**मत्स्य विभाग ने दो किसानों को निःशुल्क दिया झींगा प्रॉन बीज**

# डबरियां बनीं आजीविका का आधार, झींगा पालन से बढ़ी ग्रामीणों की आमदनी

**कोण्डागांव**। जनपद पंचायत कोण्डागाँव के ग्राम पंचायत बड़ेबंजोड़ा में मनरेगा से बनी डबरियां अब ग्रामीणों की आजीविका का मजबूत आधार बन रही हैं। मत्स्य विभाग ने दो हितग्राहियों लच्छूराम कोर्राम और मायाराम पोयाम को 500–500 ग्राम झींगा प्रॉन बीज निःशुल्क वितरित किया। मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने तालाबों का निरीक्षण कर क्षमता देखी और बीज डाला। कर्मचारियों ने हितग्राहियों को पूरी ट्रेनिंग दी पानी की गुणवत्ता, आहार, साफ–सफाई और सुरक्षा के टिप्स दिए। अधिकारियों के मुताबिक सही देखभाल से 4–5 महीने में ही में अच्छी फसल और मुनाफा मिल सकता है।



**लच्छूराम और मायाराम बोले : ये तालाब अब हमारी दूसरी फसल है**

*दोनों किसानों की आँखों में चमक थी। लच्छूराम कोर्राम ने कहा, पहले सिर्फ खेती थी, अब झींगा से भी कमाई होगी। परिवार को नई उम्मीद मिली है। मायाराम पोयाम ने भी कहा कि मनरेगा ने तालाब बनवाया, मत्स्य विभाग ने बीज दिया – अब हमारा घर चलाने का नया रास्ता खुल गया। मनरेगा मत्स्य पालन का यह सफल मॉडल अब जिले की अन्य पंचायतों में भी दोहराया जाएगा। बड़ेबंजोड़ा के इन दो तालाबों ने साबित कर दिया सही योजना और विभागों का तालमेल हो तो एक छोटी डबरी भी पूरा परिवार पाल सकती है।*

### विधायक नीलकंठ टेकाम हुए शामिल, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

# फूपगांव में हुई जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लाक के ग्राम फूपगांव में आयोजित तीन दिवसीय जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन शनिवार को बड़े धूमधाम से हुआ। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए। इस तीन दिवसीय जोन स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में 5 ग्राम पंचायत फूपगांव, शंकरपूर, आलोर, झाटीबन और भंडारवंडी के अंतर्गत आने वाले कुल 28 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलो के बच्चों ने भाग लिया. इस खेल प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलो के सेंकड़ों विद्यार्थियों ने कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, सहित कई खेलों का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलो के सेंकड़ों विद्यार्थियों ने कबड्डी, खो-खो, दौड़, वॉलीबॉल, ऊँची कुद, लम्बी कुद, रिले रेस, आलू दौड़, गोला फेंक, रंगोली, चित्र कला, प्रश्न मंच सहित कई खेलों का आयोजन किया गया. साथ ही साँस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।



**ये रहे उपस्थित:** समापन समारोह के दौरान भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रवीर बदेशा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष धनराज पांडे, महामंत्री प्रवीण राव, जोगेश्वर हिडको, योगेश पांडे, कामेश्वर साहू, फूपगांव सरपंच शंकर मण्डावी, शंकरपूर सरपंच श्रीबती मरकाम, आलोर सरपंच राधिका कोर्राम, झाटीबन सरपंच सोमारी कोर्राम और भंडारवंडी सरपंच लेखराज नेताम सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**खेल प्रतियोगिता जीवन का हिस्सा**

विधायक नीलकंठ टेकाम ने जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का हिस्सा है और सभी को अपने पसंद के खेलों में जरूर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हार जीत के लिए नहीं, बल्कि अनुभव के लिए खेलों में प्रतिभागी बने। विधायक ने आगे कहा कि खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास भी होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने खेल में मेहनत करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विधायक ने कहा कि खेल में हार जीत तो लगी रहती है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हम खेल को खेल की भावना से खेलें और अपने अनुभव से सीखें। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**पेज 9 के शेष**

**पुनर्वासितों के ...**

की गई। साथ ही पुनर्वास केन्द्रों में पुनर्वासितों को दैनिक उपयोगी सामग्रियों का किट प्रदाय सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा टेलीविजन, खेल सामग्री एवं वाद्य यंत्रों की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए। वहीं इन पुनर्वासितों को बेसिक शिक्षा से जोड़ने के लिए नियमित तौर पर साक्षरता कक्षाएं चलाए जाने कहा गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक-शैक्षणिक भ्रमण करवाने तथा कृषि एवं कृषि के आनुशांगिक पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्यपालन गतिविधियों के लिए भी प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए गए। पुनर्वास केन्द्रों पर उक्त पुनर्वासितों को सप्ताह में एक बार अपने परिजनों से मुलाकात करने हेतु अवसर प्रदान कर घर-परिवार तथा रिश्तेदारों के बीच पारीवारिक वातावरण मुहैया करवाने के निर्देश दिए गए।

**बस्तर देश का सबसे ...**

पहुंचाई जाएगी और लोगों के अधिकार के लिए सरकार को झुकना पड़ेगा। सुकमा के जिला अध्यक्ष सुरेश कवासी ने कहा कि आज भी अंदरूनी क्षेत्रों तक सरकारी सुविधाएं नहीं पहुंचतीं। वन उपज का उचित मूल्य नहीं दिया जाता और केंद्र सरकार की योजनाएं भ्रष्टाचार में फंस जाती हैं।

**बेतहाशा बढ़ोतरी भाजपा ....**

सकती है। जमीन की गाइड लाइन की दर बढ़ाने के पीछे सरकार का अपना भ्रष्टाचार का पैसा सफेद करना भी है। जमीन की गाइड लाइन की दर बढ़ाने के पीछे अपनी काली कमाई को सफेद करने का खेल हुआ है। सत्ता में बैठे किस नेता ने दामाखेड़ा के आगे बेमेतरा जिले में सैकड़ों एकड़ जमीन ली है। किसने नवा रायपुर के आगे गांव में 275 एकड़ जमीन खरीदी है। इस पूरी खरीदी की जांच हो जाय तो जमीनों के गाइड लाइन दर बढ़ने की हकीकत सामने आ जाएगी। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य,पूर्व विधायक रेखचंद जैन, प्रेमशंकर शुक्ला ग्रामीण जिलाध्यक्ष,महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, बलराम यादव,कविता साहू, रोजविन दास, हनुमान द्विवेदी,रविशंकर तिवारी,रामशंकर राव,मोईन खान,अपर्णा बाजपेई,राजेंद्र पटवा,अभिषेक नायडू, अनुराग महतो, नीतीश शर्मा मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### छात्रों ने उत्साहपूर्वक निभाई पंचायत की जिम्मेदारियां



**गीदम।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गीदम में मॉडल यूथ ग्राम सभा का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि नोडल प्राचार्य कुलदीप सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राएं तथा पंचायत रोल निभाने वाले प्रतिभागी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, ग्रामीण प्रशासन तथा पंचायत व्यवस्था की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। ग्राम सभा की कार्यवाही का संचालन संयोजक शिक्षक महेश और अब्दुस्समद के निर्देशन में छात्रों ने स्वयं किया। कार्यक्रम में छात्र सरपंच, वार्ड सदस्य, सचिव तथा अन्य पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिकाओं में नजर आए और उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाया। ग्राम सभा में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता,पेंशन शिविर, पेयजल, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार, सामाजिक न्याय तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर छात्रों ने चर्चा की।

### पोर्टल पर पंजीयन की समय-सीमा बढ़ी

**जगदलपुर।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के डूबान क्षेत्र सहित वन पट्टाधारी और शेष कृषकों के लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन की समय-सीमा में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। उक्त पंजीयन 30 नवंबर तक होगी। विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल में कैरी फारवर्ड, डूबान, वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन की कार्यवाही हेतु अतिरिक्त समय का प्रावधान 30 नवंबर तक समस्त समितियों में समिति लॉगिन पर उपलब्ध करवाने कहा गया है। इससे पहले कृषकों के कैरीफारवर्ड, नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही हेतु अतिरिक्त समय का प्रावधान तहसील लॉगिन में 25 नवंबर तक के लिए किया जा रहा था। कलेक्टर हरिस एस ने बताया कि शासन के निर्णयानुसार एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन की समय-सीमा 30 नवंबर तक बढ़ाते हुए किसानों को राहत प्रदान की गई है। इस नवीनतम समय विस्तार से विशेष तौर पर डूबान और वन पट्टाधारी कृषकों को पंजीयन कराने और अपने फसल रकबे में संशोधन करने के लिए आवश्यक समय मिल जाएगा।

# देवा ने मिलेटस फसल बड़ा कोसरा को बनाया लाभदायक खेती

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸| दंतेवाड़ा



जिले में पारंपरिक धान उत्पादन के साथ-साथ अब अन्य मिलेट फसलों जैसे रागी, कुल्थी, कोदो, मंडिया, कोसरा में भी वैज्ञानिक और नवाचार आधारित खेती का विस्तार तेजी से हो रहा है। इस क्रम में दुरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े कोसरा की फसल नई तकनीकों के साथ मजबूती से उभरी है और किसानों के लिए लाभकारी विकल्प बन रही है। इस तरह ग्राम पोटाली, पटेलपारा के मेहनती किसान देवा मांडवी जिले की उभरती कृषि क्रांति का प्रेरक चेहरा बनकर सामने आए हैं।

एसएमआई तकनीक को अपनाकर मांडवी ने बड़ा कोसरा की खेती में एक सफल मॉडल प्रस्तुत किया है जो जिलेभर के किसानों के लिए मिसाल है। निर्माण ऑर्गेनाइजेशन दंतेवाड़ा और कृषि विभाग की तकनीकी सहायता ने इस प्रयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 15-21 दिन की नर्सरी, 30-30 सेंटीमीटर की दूरी पर एकल पौध रोपण, नियमित साइकिल वीडिंग तथा जीवामृत एवं हांडी दवा जैसे जैविक उपचारों को अपनाया। वर्तमान में उनके कृषि फार्म में अगस्त को रोपी गई फसल आज प्रति पौधा 30-40 स्वस्थ बालियों के साथ लहलहा रही है। मांडवी को पिछले वर्ष अरकू आंध्र प्रदेश में हुए प्रशिक्षण तथा फसल भ्रमण ने आधुनिक खेती की नई समझ दी जिसे उन्होंने तुरंत खेत में लागू किया। आज उनका खेत मॉडल फार्म के रूप में ग्राम पोटाली की पहचान बन चुका है। इसमें निर्माण संस्था, कृषि विभाग और जिला प्रशासन ने पूरे प्रक्रिया में मार्गदर्शन प्रदान किया।

उन्होंने बताया एसएमआई तकनीक से बड़ा कोसरा की खेती शुरू की और आज इसका बेहतरीन परिणाम हमारे सामने है। निर्माण संस्था, कृषि विभाग और जिला प्रशासन से मिली तकनीकी सहायता ने मुझे नई दिशा दी। मैं चाहता हूँ कि हमारे क्षेत्र के और किसान भी इस विधि को अपनाकर अपनी खेती को मजबूत और लाभदायक बनाएं। जिले के अन्य क्षेत्र जैसे छिंदनार, बुधपदर, पालनार, भटपाल, गुटोली, गुमलनार, बड़े गुडरा, मोखपाल, बड़े तुमनार, छोटे तुमनार, बुरगुम, अचेली, बालूद, गंजेनार, पाहुरनार आदि क्षेत्रों में भी एसएमआई विधि से कोसरा की सफल रोपाई जारी है।

भूमगादी समिति द्वारा किसानों को कोसरा चोप उपलब्ध कराया गया है। निर्माण संस्था के फील्ड ऑफिसर सुरेश कुमार नाग तथा स्थानीय संसाधन व्यक्ति लगातार तकनीकी मार्गदर्शन दे रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में इस फसल का विस्तार और बेहतर उत्पादन संभव हो पा रहा है।

### कटेनार में 298.69 लाख की विकास योजना का भूमिपूजन

# स्टॉप डेम के निर्माण से जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा



दरभा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कटेनार में आज क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस रहा, जब कुल 298.69 लाख रुपए की लागत से बनने वाले राजामुंडा स्टॉप डेम सह सोलर पंप निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महेश कश्यप एवं विधायक विनायक गोयल उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर इस महत्वपूर्ण परियोजना की औपचारिक शुरुआत की।

इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र की जल समस्याओं को दूर करने तथा कृषि को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल है। उन्होंने बताया कि राजामुंडा स्टॉप डेम के निर्माण से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि जलस्तर में सुधार होगा, जिससे ग्रामीणों को वर्षभर सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा। सोलर पंप के माध्यम से सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग किसानों की लागत कम करेगा और उत्पादन क्षमता बढ़ाएगा।

विधायक विनायक गोयल ने संबोधन में कहा कि राज्य तथा केंद्र सरकार ग्रामीण अंचलों के विकास को लेकर लगातार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 298.69 लाख रुपए की यह महत्वपूर्ण परियोजना कटेनार ग्राम पंचायत ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों के किसानों को भी राहत प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और निर्धारित समय में उच्च मानकों के साथ इसका निर्माण पूरा कराया जाएगा।बस्तर सांसद महेश कश्यप चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जनपद सदस्य सम्पत्ति महादेव नाग, जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप , उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप , मण्डल अध्यक्ष देवीप्रसाद वेंजाम, नारायण सिंह ठाकुर, गांगरा राम नाग , भोला श्रीवास्तव, अनंतराम कश्यप, बाबुल नाग, दुर्जन सिंह कश्यप, धर्मेन्द्र ठाकुर कमलु कवासी, अरूण नेताम नारायण कुरानी, विष्णु प्रताप कश्यप, शन्नु राम पोडियामी, पण्डरू राम मरकाम, जलन ठाकुर, सामदेव नाग, पिलुराम, मासा राम, सुरेश सिंह (मुन्नु) एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न इस कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण उत्पन्न किया।

# विधायक ने किया जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घाटलोहंगा



बस्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखेश्वर बघेल ने शुक्रवार को प्रवास के दौरान क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर जनसम्पर्क, श्रद्धांजलि और निरीक्षण कार्यक्रमों में शामिल होकर जनता से आत्मीय संवाद स्थापित किया।

विधायक ग्राम पंचायत बालेंगा पहुंचे, जहां वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्त्ता स्व. खलील शेख के निधन की सूचना पर गहरा शोक व्यक्त किया वे उनके गृह ग्राम स्थित निवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दुख की इस घड़ी में परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया।

श्रद्धांजलि देते हुए बस्तर विधायक जोबा उसरी कोंडागांव जिला पहुंचे और स्व. लखुराम की दसगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने दिवंगत के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया तथा परिवारजनों को धैर्य बनाए रखने की बात कही। विधायक ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा बस्तर परिवार आपके साथ है।

### गारेंगा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

विधायक बघेल ने बस्तर विधानसभा के ग्राम पंचायत गारेंगा स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से खरीदी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो तथा सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विधायक ने कहा कि सरकार किसानों को उचित मूल्य और समय पर खरीदी के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए एक उत्कृष्ट रूपरेखा तैयार कर किसानों को लाभान्वित किया जाएगा।

### मरेठा में लक्ष्मी जगार कार्यक्रम में की पूजा-अर्चना

अपने प्रवास के अंत में बघेल ग्राम पंचायत मरेठा पहुंचे, जहां उन्होंने पारंपरिक लक्ष्मी जगार कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा-अर्चना की कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम के पश्चात ग्राम के नवयुवकों ने पानी की समस्या को देखते हुए गांव में टेंकर की व्यवस्था हेतु मांग रखी जनसरोकार को सर्वोपरि मानते हुए विधायक ने तुरंत समाधान की घोषणा करते हुए कहा कि 4 तारीख के पहले ही टेंकर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# स्वास्थ्य केंद्र में क्षय रोगियों का सत्यापन पर करें एक्स-रे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर





बस्तर कलेक्टर हरीश एस के निर्देश पर स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और सुधार के लिए स्वास्थ्य संस्थानों के निरीक्षण किए जाने के निर्देश में गुरूवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और जिला के टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री बस्तर जिले के सुदूर ग्राम बिन्ता और मांरडूम के निरीक्षण पर पहुंचे। सीएमएचओ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा का निरीक्षण किया गया और वहां दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली गई। सीएचसी के लोहंडीगुड़ा में कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश देते हुए संभावित क्षय रोगियों का सत्यापन के लिए प्रत्येक दिवस में 30 से 35 एक्स-रे किए जाने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मारडूम और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिंता में भी निरीक्षण किया गया। विभाग के प्रभारी मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया कि सभी सेक्टर में चल रहे साप्ताहिक बैठक का निरीक्षण कर मैदानी स्तर पर किए जा रहे कार्यों में विशेषकर रात्रिकालीन प्रसव, ऑनलाइन एंट्री, एचआरपी प्रकरण का सही समय पर पहचान और उपचार कर आवश्यक सभी सुविधा दिए जाने के निर्देश कर्मचारी और प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को दिए गए। जिससे सीडीआर और एमडीआर में कमी लाई जा सके। इस अवसर पर प्रभारी सेक्टर अधिकारी, सुपरवाइजर, और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा मैदानी स्तर के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ▪ औचक निरीक्षण में बिन्ता और मांरडूम पहुंचे

### आयुष्मान कार्ड पर दिया जोर

सीएमएचओ ने बताया कि अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड और वय वंदन कार्ड बनाना, आरसीएच एंट्री पर विशेष जोर देते हुए समय पर सभी ऑनलाइन एंट्री पूर्ण कर जिले स्तर पर सूचना प्रेषित करने की आवश्यकता है।

# बीजादूतीर स्वयंसेवकों का हुआ 2 दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर



सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य एवं बाल संरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत बीजादूतीर स्वयंसेवकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले की 45 ग्राम पंचायतों से आए स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समुदाय स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य एवं बाल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मनोसामाजिक प्राथमिक उपचार प्रदान करने के लिए स्वयंसेवकों को व्यवहारिक रूप से सक्षम बनाना था। यह प्रशिक्षण जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण के पहले दिन राज्य समन्वयक दानिश के. हुसैन ने मैं हूं ना थीम पर मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोसामाजिक प्राथमिक उपचार के महत्वपूर्ण सिद्धांत देखना, सुनना और जोड़ना पर केंद्रित सत्र लेते हुए स्वयंसेवकों को सरल एवं संवेदनशील तरीके से समुदाय की सहायता करने के कौशल सिखाए। इस दौरान स्वयंसेवकों ने अपने गांवों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों, परिस्थितियों और अनुभवों को खुलकर साझा किया, जिससे प्रशिक्षण सत्र और भी व्यवहारिक बन गया।

दूसरे दिन ट्रेनर अंकिता ठाकुर ने बाल संरक्षण, बाल अधिकार, पोक्सो एक्ट और जिला बाल संरक्षण इकाई की संरचना एवं भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कांता मेश्राम, बाल संरक्षण अधिकारी राहुल कौशिक, महिला संरक्षण अधिकारी शीला भारद्वाज, गैर संस्थागत देखरेख अधिकारी नवीन मिश्रा तथा जिला बाल संरक्षण इकाई परियोजना अधिकारी अविनाश नायक और उनकी टीम की सक्रिय उपस्थिति ने कार्यक्रम को और प्रभावी बनाया। प्रशिक्षण के दौरान भ्रूण हत्या, महिला उत्पीड़न रोकथाम और बाल विवाह मुक्त बीजापुर बनाने के संकल्प को सशक्त करने हेतु शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान भी संचालित किया गया। इसी क्रम में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास ने मलेरिया रोकथाम, पहचान एवं जोखिम कम करने के उपायों पर उपयोगी जानकारी साझा की।

प्रशिक्षण का औपचारिक समापन कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने कलेक्टर के समक्ष दो दिवसीय प्रशिक्षण का फीडबैक एवं अपनी आगामी मासिक कार्ययोजना प्रस्तुत की। कलेक्टर संबित मिश्रा ने स्कूल वेंडे वर्राट, बस्तर ओलिंपिक, एसआईआर सर्वे, कुपोषित बच्चों की पहचान एवं भर्ती, तथा मलेरिया जागरूकता जैसे अभियानों में स्वयंसेवकों के उत्कृष्ट योगदान की सराहना की और उन्हें समुदाय में सकारात्मक परिवर्तन के लिए निरंतर सक्रिय बने रहने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से हाट-बाज़ार, रात्रि चौपाल, नुक्कड़ नाटक और एक पारा एक दिन स्वच्छता अभियान के माध्यम से मलेरिया मुक्त बीजापुर अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से विस्तारित करने पर जोर दिया।

# उन्नत तकनीकी से प्रतिभागियों को बनाए सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के 13 वें चरण के अंतर्गत संभागीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत में किया गया। इस प्रशिक्षण में बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर एवं बस्तर जिलों से आए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मलेरिया अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं मलेरिया सलाहकारों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के 13वें चरण के संचालन हेतु सर्विलांस, घर-घर मलेरिया जांच, वेक्टर नियंत्रण, उपचार प्रोटोकॉल तथा सामुदायिक जागरूकता की उन्नत तकनीकों से प्रतिभागियों को सशक्त बनाना रहा। इस प्रशिक्षण शाला में विशेषज्ञों द्वारा मलेरिया नियंत्रण हेतु नवीन दिशा-निर्देश, जांच (आरडीटी, स्लाइड), दवा वितरण प्रणाली तथा रिपोर्टिंग के मानकीकृत तरीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने बताया कि मलेरिया उन्मूलन के लिए समय पर जांच, त्वरित उपचार और जनभागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने तथा घर-घर पहुंचकर मलेरिया की रोकथाम के प्रयासों को और अधिक गति देने पर जोर दिया गया।

अंत में अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को आगामी मैदानी कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का उपयोग कर संभाग सहित जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित होगी।

# सलीम बने जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली




जिले की राजनीति में आज बड़ा बदलाव देखने को मिला। जब कांग्रेस पार्टी ने बचेली के सलीम रजा उस्मानी को दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने की आधिकारिक घोषणा कर दी।

इस निर्णय को संगठन सुदृढ़ीकरण की दिशा में पार्टी का मास्टर–स्ट्रोक माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सलीम रज़ा उस्मानी की सक्रियता, जमीनी पकड़ और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए आलाकमान ने उन्हें जिले की कमान देने का फैसला लिया है। उनके नियुक्त होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है। नए जिला अध्यक्ष सलीम रज़ा उस्मानी ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी चुनौती भी है। उन्होंने कहा मैं कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करूंगा और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाऊँगा। स्थानीय राजनीतिक हलकों में भी इस नियुक्ति की खूब चर्चा है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस आने वाले समय में दंतेवाड़ा में नई ऊर्जा के साथ सक्रिय होगी। कुल मिलाकर, सलीम रज़ा उस्मानी की ताजपोशी ने दंतेवाड़ा कांग्रेस में नई जान फूंक दी है और संगठन में एक नया अध्याय शुरू हो गया है।

# तसर रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने लगाया कृषि मेला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर




केंद्रीय रेशम बोर्ड, केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नगड रांची की अधीनस्थ ईकाई केंद्रीय रेशम बोर्ड, क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केंद्र जगदलपुर शुक्रवार को शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के ऑडिटोरियम में तसर रेशम कृषि मेला का आयोजन किया गया।

उक्त मेले का आयोजन डॉ. एनबीचौधरी निदेशक केन्द्रीय रेशम बोर्ड-केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची के मार्गदर्शन में किया गया। इस कृषि मेले में वैज्ञानिकों,अतिथियो, कृषको एंव छत्तीसगढ़ रेशम विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों सहित 235 लोगो ने भाग लिया। मेले का उद्देश्य तसर रेशम उत्पादन को बढ़ावा देना, किसानों को नवीनतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना रहा । मेले में राज्य रेशम विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त निदेशक डा. राजेश बघेल ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता किया एवं कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सुनील कुमार परिछा प्रभारी केंद्रीय रेशम बोर्ड ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। जयपाल बरिहा उप निदेशक रेशम ने बस्तर जिले में तसर रेशम उत्पादन की स्थिति पर प्रकाश डाला।

डॉ. बी. तिरुपम रेड्डी वैज्ञानिक-सी बस्तर ने रोगमुक्त डिम्ब समूह उत्पादन में केंद्रीय रेशम बोर्ड बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन बिलासपुर की भूमिका पर जानकारी दी। इसके अलावा मेले के दौरान सफल तसर कृषकों को मंच पर सम्मानित किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस सम्मान का उद्देश्य किसानों को प्रोत्साहित करना और उनके अनुभवों को अन्य कृषकों तक पहुंचाना था।

मेले में विशिष्ट अतिथियों सीता श्रीवास प्रबंधक कोसा केंद्र ने महिला समूहों की भूमिका पर प्रकाश डाला। डा. धर्मपाल करकेट्टा ने किसानों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा एवं अनुसंधान और शिक्षा के महत्व पर बल दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. राजेश बघेल अतिरिक्त निदेशक रायपुर ने तसर रेशम को ग्रामीण आजीविका और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बताते हुए किसानों को प्रोत्साहित किया। तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों डॉ. एचएस गदाद वैज्ञानिक-सी, डॉ. बी. तिरुपम रेड्डी वैज्ञानिक-सी, डॉ. विशाल मित्तल, वैज्ञानिक-डी ने तसर उत्पादन से जुड़ी विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गीदम, जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र.-202511161800007/
अ-2/2025-26
ग्राम- जावंगा, प.ह.नं.-18, तहसील - गीदम

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती चन्द्रकली वैष्णव पिता कार्तिक पति लूपेन्द्र वैष्णव निवासी गीदम, तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) मोबाईल नं. 9407903152 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम - जोंगा, प.ह.नं. 18, रा.नि.मं. गीदम, तहसील - गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 207/4 रकबा 0.0240 हें. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 04/12/2025 तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/11/2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गीदम

## खबर संक्षेप



### अवैध शराब बेचने वालों को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने 27 नवंबर को छापामार कार्यवाही करते हुए तीन लोगो को पकड़ा और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पखांजुर निवासी अशोक व्यापारी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब व नगद 210 रूपएं और आरोपी पखांजुर निवासी 36 वर्षीय रंजन विश्वास के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब व नगद 250 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला किया गया। आरोपी पखांजुर निवासी 38 वर्षीय दीपंकर मजुमदार अपने घर आंगन में अन्य लोगो को शराब पीने के लिए सुविधा देते हुए पकड़ा गया। आरोपी दीपंकर के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से मोटरसायकिल चालक का पैर टूटा

**धनेलीकन्हार।** भानुप्रतापपुर मार्ग पर स्थित धनेलीकन्हार में शनिवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार से ओवरटेक कर रही सीमेंट लोडेड ट्रक अचानक एक मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें मोटरसाइकिल सवार हाटकर्रा निवासी 48 वर्षीय पुनीत देहारी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना अचानक हुआ कि कुछ समझने का मौका तक नहीं मिला और देखते ही देखते सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएक्स 4227, जिसमें सीमेंट भरी हुई थी, कोरर से धनेलीकन्हार की ओर जा रही थी और टैंकर को ओवरटेक करके निकल रही थी।

# अव्यवस्थित तरीके से लगने वाले बाजार को व्यवस्थित ढंग से लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिला मुख्यालय सुकमा में प्रति सप्ताह लगने वाली साप्ताहिक हाट बाजार को लेकर नपा प्रशासन सक्रिय हो गया है। वार्ड क्रं. 13 की पार्षद कांता राठी द्वारा अव्यवस्थित तरीके से लगने वाले इस बाजार को व्यवस्थित ढंग से लगाने के साथ-साथ आदिवासी ग्रामीणों को उचित स्थान देने की मांग की थी। सुकमा नगर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार को लेकर नगरपालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। पिछले दिनों नपा के पार्षदो के साथ हुई बैठक में संपूर्ण बाजार स्थल को क्रमबद्ध तरीके से लगाने का निर्णय लिया गया।





### दुरदराज से आने वाले ग्रामीणों के प्रति जताई चिंता

सुकमा जिला मुख्यालय में लगने वाले साप्ताहिक बाजार की अव्यवस्था को लेकर वार्ड क्रं. 13 की पार्षद कांता राठी ने पत्र के माध्यम से कलेक्टर सुकमा के साथ -साथ नपा को अवगत कराया था। तत्संबंध में पार्षद श्रीमती राठी ने कहा कि कई दफे मेरे स्वयं के द्वारा प्रयास भी किया गया, बावजूद इसके कई व्यवस्थाओं को आज भी सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। खासकर साप्ताहिक बाजार सुकमा में दूर दराज से टोकने में सब्जी लेकर आने वाले आदिवासी बहनों व भाईयों को पर्यात्त स्थान नहीं मिल रहा है जिसके कारण उन्हे कोने में बैठने को मजबूर होना पड़ता है। इस हेतु उन्हे उचित स्थान ससम्मान दिलाया जाना चाहिऐ

### तीन दशको से कपड़े का व्यवसाय कर रहे व्यापारी त्रस्त

पार्षद ने अपने पत्र में 30 वर्षे से अधिक समय से कपड़े का व्यापार कर रहे व्यवसायियों का दर्द का भी जिक्र किय। श्रीमती राठी ने कहा कि उडीसा से आने वाले कपडा व्यवसायी सडक किनारे कपड़े की दुकान लगाकर व्यवसाय करते है जिसके कारण पिछले 20 से 30 वर्षों से कपड़ा व्यवसाय करने वालों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है और उनका व्यवसाय भी चैपट हो रहा है। उडीसा से आने वाले कपडा व्यवसायी को कपड़ों दुकान की ओर लगाने हेतु निर्देश दिया जाये।

### अध्यक्ष ने भी समझा दर्द

पिछले दिनों नपा अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम ने भी पार्षदों के साथ साप्ताहिक बाजार का निरीक्षण कर व्यापारियों को समझाईश भी दी थी। वार्ड क्रं. 13 की पार्षद के द्वारा अध्यक्ष को साप्ताहिक बाजार व्यवस्थित करने का आग्रह भी किया था जिसके बाद उन्होने भी इस पर कार्यवाही करने की बात कही थी।

## उपचार की खामियों को लेकर जिला प्रशासन व व्यापारी संघ हुए एकजुट

# शहर बंद की दी चेतावनी से अस्पताल की खामियों को जल्द सुधारा जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला अस्पताल में उपचार की अव्यवस्थाओं को लेकर बीजापुर व्यापारी संघ एवं सर्व आदिवासी समाज ने 2 दिसंबर को शहर बंद की चेतावनी दी थी। जिला प्रशासन ने आज व्यापारी संघ के पदाधिकारी की बैठक बुलाकर

■ 15 दिनों के भीतर करेंगे प्रगित रिपोर्ट की समीक्षा

आश्वासन दिया कि जल्द जिला अस्पताल में उपचार की व्यवस्थाओं को सुधरा जाएगा।

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल के नेतृत्व एवं सीएमएचओ डॉ. बीआर. पुजारी तथा सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर की उपस्थिति में बीजापुर



जिले के व्यापारी संघ, सर्व समाज, सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों तथा मीडिया के वरिष्ठ सदस्यों की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला अस्पताल तथा संपूर्ण स्वास्थ्य तंत्र के सुदृढ़ीकरण, मानव संसाधन, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता, संचालन व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक मे ब्लड बैंक की उपलब्धता एवं कार्यप्रणाली 108,102 एम्बुलेंस सेवाओं की समयबद्धता सीटी स्कैन मशीन की खराबी एवं उसके त्वरित मरम्मत कार्य, डायलिसिस यूनिट में तकनीकी समस्या, लिफ्ट की मरम्मत को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश, वार्डों में साफ–सफाई की कमी तथा सफाई कर्मियों की उपस्थिति में सुधार, दवा वितरण काउंटर पर भीड़ एवं इसे व्यवस्थित करने की, अस्पताल परिसर में इंटरनेट सेवा बाधित होने से प्रभावित कार्यों का समाधान प्रशासन ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया।

उपरोक्त समस्त बिंदुओं पर जिला एवं राज्य स्तर से तत्काल कार्रवाई की जाएगी तथा 15 दिनों के भीतर व्यापक सुधार कर अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाएगी।

जनहित को सर्वोपरि मानते हुए व्यापारी संघ, सर्व समाज एवं सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने 2 दिसंबर को प्रस्तावित बीजापुर बंद को स्थगित करने पर सहमति व्यक्त की। संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल ने बीजापुर बंद स्थगित करने के निर्णय के लिए सभी प्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रशासन सभी समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध है। बैठक में नगरपालिका उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, व्यापारी संघ के जिला अध्यक्ष ईश्वर सोनी, सर्व आदिवासी समाज के सचिव कमलेश्वर पैकरा, प्रेस क्लब अध्यक्ष के. संतोष, व्यापारी संघ के सदस्य एवं वरिष्ठ नागरिक संजय लुक्कड़, राजू गांधी, कुशल चोपड़ा, प्रसून शर्मा, सिरोंज विश्वकर्मा सहित नागरिक उपस्थित रहे।

## पॉलिटेक्निक की छात्राओं ने एयरपोर्ट का किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए जगदलपुर एयरपोर्ट शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को हवाईअड्डे के संचालन, कार्यप्रणाली तथा वहां उपयोग होने वाली विभिन्न मशीनों एवं उपकरणों की जानकारी प्रदान करना था।

भ्रमण की शुरूआत में संबंधित अधिकारियों द्वारा छात्राओं को एयरपोर्ट की संरचना, विभिन्न जोन और वहां होने वाली मुख्य गतिविधियों के बारे में विस्तृत परिचय दिया गया। साथ ही इस क्षेत्र में उपलब्ध करियर एवं रोजगार अवसरों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इसके बाद छात्राओं को एयरपोर्ट के विभिन्न जोनों का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने सुरक्षा प्रक्रिया, संचालन प्रणाली तथा तकनीकी उपकरणों के उपयोग को करीब से समझा। छात्राओं ने फायर स्टेशन और मल्टीफंक्शनल फायर ब्रिगेड को भी देखा तथा उसकी कार्यप्रणाली और आपातकालीन स्थिति में की जाने वाली त्वरित कार्रवाई के बारे में सीखा। यह अनुभव उनके लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा। छात्राओं ने इस औद्योगिक भ्रमण को अत्यंत रोचक और उपयोगी बताया तथा उन्होंने एयरपोर्ट संचालन से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रत्यक्ष रूप से समझा। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य एसके त्रिवेदी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस भ्रमण में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के सदस्य व्याख्याता विनय मिश्रा, प्रीति बर्मन, एंजेलिन मैथ्यू, मीनाक्षी राव और ज्योति भौतेकर ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया तथा पूरे कार्यक्रम में उनका साथ दिया।

## सरकार के खिलाफ पुतला दहन...



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण ने जमीन गाइडलाइन में की गई वृद्धि के विरोध में सरकार के खिलाफ प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया।

### अमीन भर्ती परीक्षा के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन के रिक्त पदों पर आयोजित की जाने वाली लिखित भर्ती परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्टर हरिस एस द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर अधिकारियों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। सभी पर्यवेक्षक परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व संबंधित परीक्षा केंद्र का अनिवार्य रूप से निरीक्षण सुनिश्चित करेंगे और व्यापम द्वारा जारी किए गए ऑब्जर्वर दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करेंगे।

# जिला मुख्यालय पहुंच कर मन की बात खुल कर करने लगे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नक्सल मुक्त अभियान को लगातार मिल रही सफलता के बाद अब घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंच कर मन की बात खुल कर करने लगे है। वही दुरदराज के ग्रामीणों के द्वारा समस्याओं को रखने पर कलेक्टर भी प्रसन्नता जाहिर करते हुए तत्काल कई मांगो पर स्वीकृति भी दे दी। सुकमा जिला मुख्यालय में इन दिनों मेले जैसा माहौल देखा जा रहा है। घोर नक्ल प्रभावित कहे जाने वाले क्षेत्रों से ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर कलेक्टोरेट में ज्ञापन के माध्यम से बात रखने लगे है। इसी क्रम में घोर नक्सल प्रभावित ग्राम चिंतलनार के एक दर्जन ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे और 7 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर देवेश धुरव को ज्ञापन सौंपा।

■ 7 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ग्रामीणों ने कलेक्टर देवेश धुरव से मिलकर कहा कि ग्राम पंचायत चिंतलनार के रेवाली पारा, कोननगुड़ा में आजादी के पूर्व व आज तक अंधेरे में जीवन यापन किये है। उक्त दोनो पारा में विद्युतिकरण की आवश्यकता है। उक्त दोनों पारा में 100 के लगभग परिवार निवासरत है, रेवाली पारा से कोननगुड़ा जाने हेतु 1 किमी सडक मार्ग की आवश्यकता है तथा चिंतलनार से जगरगुंडा मुख्य मार्ग से रेवालीपारा तक प्रधानमंत्री ग्राम



सड़क योजना के तहत सड़क मार्ग की स्वीकृति देने के साथ साथ मलेवांग नदी पर रेवालीपारा, कोननगुड़ा के मध्य स्टाम्प डेम की मांग ग्रामीणों ने की। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर रेवाली पारा में 2 व लखापाल चौक में 1 तथा कोननगुड़ा में 2 हैण्डपंप की स्वीकृति के अलावा रेवाली पारा, कोननगुड़ा में निवासरत ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाये जाने की मांग की। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरूण सिंह भदौरिया, लीलाधर राठी भी उपस्थित थे।

### अब अंधियार छटना चाहिए

कलेक्टोरट पहुंचे आवेदक घोर नक्सल प्रभावित कहे जाने वाले ग्राम चिंतलनार पंचायत के रेवाली पारा, कोननगुड़ा के एक दर्जन ग्रामीणों ने कहा कि वर्षो से हम नक्सलवाद का दंश झेलते आये है। वर्तमान में सरकार के द्वारा चलाये जा रहे नक्सल उन्मुलन का असर हमारे भी क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। लंबे अंतराल से बैगानों की जिंदगी जी रहे हम ग्रामीणों को जिला प्रशासन व सरकार से काफी उम्मीदे है।

### जब कलेक्टर ने कराया भोज

सुकमा से लगभग 100 किमी की दुरी से जिला मुख्यालय पहुंचे ग्रामीणों की बातें सुन कलेक्टर देवेश ध्रुव भी गदगद हो गये। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी बात सामने आ रही है कि ग्रामीण खुलकर अपनी बात रखने मुख्यालय आ रहे है। इस दौरान उन्होने ग्रामीणो का हालचाल पुछते हुए भोजना की व्यवस्था भी कराई। ज्ञात हो कि उक्त सभी ग्रामीणो में से कई पहली बार कलेक्टोरेट तक पहुंचे थे।

# 50 टीबी मरीजों को दिया पोषण आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम टीबी मुक्त बस्तर, टीबी मुक्त छत्तीसगढ़, टीबी मुक्त भारत अभियान अन्तर्गत जगदलपुर शहरी क्षेत्र में निक्षय मित्रों द्वारा दान में प्रदायित अतिरिक्त पोषण आहार (फूड बास्केट) शहर के 50 उपचारित



टीबी मरीजों को वितरण किया गया। टीबी मुक्त छत्तीसगढ़ की दिशा में दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने हेतु जागरूक तथा प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों में से विभिन्न वार्ड के पार्षद, रौशन सिसोदिया, आशा साहू, जोस्टिन भवानी एवं पूनम सिन्हा शामिल रहीं। स्वास्थ्य विभाग से सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, नोडल अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, जिला प्रबंधक शहरी पीडी बस्तिया शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारी, प्रशांत श्रीवास्तव, शहरी स्वास्थ्य के अधिकारी एवं कर्मचारी, एमटी एवं मितानिन उपस्थित थे।

## प्रतिमाह 20,000 रुपए से अधिक की सीधी वित्तीय बचत भी होगी सुनिश्चित

# जिला प्रशासन और क्रेडा की पहल से दंतेवाड़ा बना सोलर मॉडल जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/रायपुर

छत्तीसगढ़ में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए दंतेवाड़ा जिले के स्पोर्ट्स ग्राउंड परिसर में 35 केडब्ल्यू ऑन-ग्रिड सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है। इस परियोजना से न केवल खेल परिसर की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति होगी, बल्कि प्रतिमाह 20,000 रूपए से अधिक की सीधी वित्तीय बचत भी सुनिश्चित होगी।

जिला प्रशासन के अनुसार यह परियोजना माननीय प्रधानमंत्री के हरित ऊर्जा मिशन तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, दंतेवाड़ा कलेक्टर, क्रेडा चेयरमैन, क्रेडा सीईओ और क्रेडा दंतेवाड़ा इंजीनियरिंग टीम के संयुक्त प्रयास, मजबूत नेतृत्व और दूरदर्शिता का परिणाम है। परियोजना का



सप्लाई एवं इंस्टॉलेशन क्रेडा द्वारा पूर्ण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह सोलर प्लांट प्रति माह लगभग 4,200 यूनिट स्वच्छ बिजली का उत्पादन करेगा। इससे खेल मैदान के बिजली खर्च में उल्लेखनीय कमी आएगी और सरकारी परिसरों को ऊर्जा-सक्षम बनाने की दिशा में यह कदम अत्यंत प्रभावी सिद्ध होगा।

### जिले में सौर ऊर्जा के नए मानक स्थापित

इस वर्ष दंतेवाड़ा कलेक्टर द्वारा कई सोलर आधारित परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिन्होंने जिले को सोलर एनर्जी मॉडल जिला बनाने की दिशा में नई गति प्रदान की है। इन परियोजनाओं ने सार्वजनिक संस्थानों में ऊर्जा बचत को बढ़ावा देते हुए पर्यावरण संरक्षण को भी सशक्त आधार दिया है। जिला प्रशासन का कहना है कि यह पहल न केवल दंतेवाड़ा के विकास मॉडल को दिशा दे रही है, बल्कि पूरे राज्य के लिए सरकारी परिसरों में हरित ऊर्जा अपनाने का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभर रही है। अधिकारियों ने क्रेडा की तकनीकी टीम के कुशल प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण कार्यनिष्पादन की विशेष सराहना की।

### अधिक सोलर परियोजनाएं प्रगति पर

सरकार और क्रेडा की पूर्ण टीम के निर्देशन में राज्य में कई सौर परियोजनाएं तेजी से विकसित की जा रही हैं। आने वाले समय में ये प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

